राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–120/2022

राज्यपाल ने बी०एड० प्रवेश परीक्षा के आयोजन के संबंध में बैठक की

पटना, 20 जून, 2022 :– महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने बी०एड० प्रवेश परीक्षा (CET-B.Ed-2022) के आयोजन के संबंध में आज राजभवन में वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि 23 जून, 2022 को आयोजित होनेवाली यह परीक्षा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दी गई है तथा इसकी नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी।

राज्यपाल ने शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ करने का निदेश दिया।

ज्ञातव्य है कि राज्य के 11 शहरों में कुल 325 केन्द्रों पर आयोजित की जानेवाली इस परीक्षा में लड़कों के लिए 168 एवं लड़कियों के लिए 157 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। आरा में 20, भागलपुर में 28, छपरा में 14, दरभंगा में 44, गया में 17, हाजीपुर में 17, मधेपुरा में 22, मुंगेर में 17, मुजफ्फरपुर में 41, पटना में 77 एवं पूर्णिया में 28 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में कुल 1,91,929 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, परीक्षा के नोडल विश्वविद्यालय ल०ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो० एस०पी० सिंह एवं बी०एड० प्रवेश परीक्षा के नोडल पदाधिकारी प्रो० अशोक कुमार मेहता सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

....